समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिवजी को ही संबोधित किया जाये
किसी प्रकार के व्यक्तिगत नाम से नहीं पूर्व संदर्भ यदि हो
तो देना आवश्यक हैं, अन्यथा कोई कार्यवाही संभव नहीं होगी

दूरभाष 2529540, 25275320
तार यूनिर्वसिटी
फेक्स 0731–2529540

# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर – 452001

क्र स.वि.क./यू.टी.डी.इंडक्शनप्रोग्राम/2025–26/526 दिनांक :– 16 SEP 2025

प्रति,
विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक,
समस्त अध्ययनशालाऐं, दे.अ.वि.वि.,
इन्दौर

**विषय : शैक्षणिक सत्र 2025–26 अंतर्गत नवप्रवेशित विद्यार्थियों (UG/PG) के दीक्षारंभ (इंडक्शन प्रोग्राम) कार्यक्रम दिनांक 23.09.2025 मंगलवार को "राजमाता देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय सभागृह" (ऑडिटोरियम) में आयोजित किये जाने बाबत।**

महोदय/महोदया,

निर्देशानुसार, शैक्षणिक सत्र 2025–26 अंतर्गत नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दिनांक 23.09.2025 मंगलवार को वि.वि. तक्षशिला परिसर स्थित "राजमाता देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय सभागृह" में इंडक्शन प्रोग्राम सत्र 2025–26 आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. शिवदत्त जोशी, Prof. Electrical Engg. Department, IIT Delhi, New Delhi, होगें व कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलगुरू प्रो. राकेश सिंघई करेंगें। मुख्य अतिथि तथा अध्यक्ष के उद्बोधन के साथ विशिष्ट अतिथि कुलसचिव श्री प्रजवल खरे भी नवप्रवेशितों को संबोधित करेंगें।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय का सामान्य परिचय व विद्यार्थियों के कल्याण हेतु छात्र कल्याण विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों/योजनाओं के संबंध में प्रमुख जानकारी प्रदान की जायेगी साथ ही परीक्षा संबधी जानकारी व विश्वविद्यालयीन खेलकूद गतिविधियों की जानकारी व अन्य गतिविधियों जैसे NSS एवं NCC से संबंधित जानकारी से भी अवगत कराया जाकर नवप्रवेशित विद्यार्थियों को प्रेरित किये जाने का प्रयास किया जावेगा।

अतः कृपया उक्त दिवस पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों की उपस्थिति, विभाग के दो शिक्षकों के साथ, जो विद्यार्थियों को यथा स्थान बैठाने में मदद करेंगे, अनिवार्यतः सुनिश्चित कर, नवप्रवेशित विद्यार्थियों की सूची व शिक्षकों के नाम व मोबाईल नंबर अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को दिनांक 22.09.2025 तक उपलब्ध कराया जाना भी सुनिश्चित करें।

<u>इंडक्शन कार्यक्रम की रूपरेखा निम्नानुसार रहेगीः</u>

| | |
|---|---|
| 11:00 | दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना। |
| 11:05 | कुलगीत |
| 11:10 | प्रेरक विडियों फिल्मों का प्रदर्शन । |
| 11:25 | कुलसचिव जी का उद्बोधन। |
| 11:35 | कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जी का उद्बोधन। |
| 12:05 | मान. कुलगुरू जी का उद्बोधन। |
| 12:35 | विभागीय जानकारी इस प्रकार से क्रमशः<br>1. परीक्षा नियंत्रक<br>2. निदेशक क्रीड़ा विभाग<br>3. समन्वयक NSS<br>4. प्रभारी NCC |
| 12:55 | धन्यवाद ज्ञापन अधिष्ठाता, छात्र कल्याण |
| 01:00 | राष्ट्रगान |

आदेशानुसार,

कुलसचिव

पृ. क्र .वि.क./यू.टी.डी.इंडक्शनप्रोग्राम/2025–26/526 दिनांक :– 16 SEP 2025

प्रतिलिपि :–

1- उपरोक्तानुसार सर्व–संबंधितो को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2- कुलगुरू/कुलसचिव के निज सहायक, देअविवि, इन्दौर।
3- परीक्षा नियंत्रक, देअविवि, इन्दौर।
4- निदेशक क्रीड़ा विभाग, देअविवि, इन्दौर।
5- समन्वयक एन.एस.एस., देअविवि, इन्दौर।
6- आई.टी. सेन्टर, वि.वि. की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ।
7- प्रभारी भंडार उप विभाग के समक्ष मय नस्ती प्रस्तुत कर आवश्यक व्यवस्थापन करने बाबत।
8- प्रभारी, एन.सी.सी. विंग, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर।

अधिष्ठाता,
छात्र कल्याण